राजगढ़ धाम में 19 से चैत्र नवरात्रा मेला

नसीराबाद, (निसं)। राजगढ़ स्थित मसाणिया भैरव धाम पर 19 मार्च से 28 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले चैत्र नवरात्रा मेला महोत्सव की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई। बैठक चम्पालाल महाराज के सानिध्य और उपखंड अधिकारी देवीलाल यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी और धाम से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में धाम के व्यवस्थापक ओमप्रकाश सेन ने मेले की व्यवस्थाओं से जुड़े प्रमुख मुद्दे प्रशासन के समक्ष रखे। उपखंड अधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि 24 मार्च को आयोजित होने वाले विशाल छठ मेले से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं। इस दिन धाम पर लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। मेले को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस, यातायात, सड़क और चिकित्सा व्यवस्थाओं पर विशेष चर्चा की गई। भीड़ और जाम की स्थिति से बचने के लिए वाहनों की एकतरफा यातायात व्यवस्था लागू करने पर जोर दिया गया।

गैस संकट पर केन्द्र सरकार पर जमकर बरसे कांग्रेस नेता, किया मौन सत्याग्रह

- पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ के नेतृत्व में महात्मा गांधी स्मारक पर उत्तर विधानसभा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांध किया मौन सत्याग्रह
- गैस संकट से हाल बेहाल, हालत नहीं सुधरे तो सरकार का जीना कर देंगे हराम

अजमेर,(कासं)। घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडर संकट व महंगाई के मुद्दे को लेकर सोमवार को पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ के नेतृत्व व शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉक्टर राजकुमार जयपाल की अध्यक्षता में उत्तर विधानसभा के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी स्मारक पर दो घंटे का मौन सत्याग्रह किया। सभी कार्यकर्ताओं ने बाहों पर काली पट्टी बांधी और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ अपना जमकर गुबार निकाला। मौन सत्याग्रह के दौरान रामधुन भी चलती रही। पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कार्यकर्ताओं के काली पट्टी बांधी और सत्याग्रह प्रदर्शन में बैठाया।

सत्याग्रह के दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गलत विदेश नीति के कारण देश में तेल और

गैस संकट पर कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर किया प्रर्दशन।

गैस संकट के हालात पैदा हो गए है। पीएम मोदी ने जो भी देश की जनता से वादे किए, वो वादे पूरे नहीं किए। गैस संकट पर देश के बिगड़े हालात पर पीएम मोदी को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला बोलते कहा कि अमेरिका, इजरायल व ईरान युद्ध के दौरान केंद्र की विदेश नीति पूरी तरह से फेल साबित हुई है। गैस के संकट के दौर में घरेलू व कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए और देश की जनता सिलेंडर लेने के लिए लाइनों में खड़ी है। गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के खिलाफ सरकार ठोस कदम नहीं उठा पा रही है, जिससे विकट हालात बनते जा रहे है। सरकार को चाहिए कि जल्द गैस व तेल की किल्लत को दूर जनता को राहत प्रदान करे। अन्यथा कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी और केंद्र और राज्य सरकार का जीना हराम कर देगी। कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता सरकार की ईट से ईट बजा देगा।

इस मौन सत्याग्रह प्रदर्शन में शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉक्टर राजकुमार जयपाल, डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, प्रदेश सचिव डॉक्टर सुनील लारा, पूर्व विधायक डॉक्टर श्रीगोपाल बाहेती, महेंद्र सिंह रलावता, द्रौपदी कोली व राजेश टंडन आदि नेताओं ने संबोधित कर केंद्र सरकार पर गुबार निकाला और गैस संकट के लिए जिम्मेदार ठहराया।

सत्याग्रह विरोध प्रदर्शन में फखरे मोइन, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल, गजेंद्र सिंह रलावता, प्रताप यादव, हेमंत जोधा, गणेश चौहान, नवीन कछावा, निमेष चौहान, राजा जैन, चितलेश बंसल, राजकुमार गर्ग, शहनाज आलम, सुरजीत कपूर, मनीष सेन, तनवीर गुर्जर, अंकित घारू, डॉक्टर एसडी मिश्रा, अशोक सुकरीया, उमेश शर्मा, विकास चौहान, अशरफ अली, अनीस खान, प्रिंस ओबिडाया, मुकेश सबलानिया सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गुलाबपुरा स्थापना दिवस पर विशाल मिर्गी जांच शिविर

गुलाबपुरा के स्थापना दिवस पर मिर्गी रोग जांच शिविर, जागरूकता संगोष्ठी और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

गुलाबपुरा(निसं)। श्री प्राज्ञ मिर्गी रोग निवारक समिति, गुलाबपुरा के स्थापना दिवस के अवसर पर संस्था परिसर में विशाल मिर्गी रोग जांच शिविर, जागरूकता संगोष्ठी और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक जब्बर सिंह सांखला, समारोह अध्यक्ष मूलचंद नाबेड़ा, मुख्य अतिथि दिलीप मेहता, समारोह गौरव राजेन्द्र लोढ़ा, मुख्य वक्ता महावीर चौधरी, विशिष्ट वक्ता डॉ. आर.के. सुरेखा तथा स्वागताध्यक्ष रणजीत सिंह कुमठ की उपस्थिति में हुआ। शिविर में डॉ. आर.के. सुरेखा व उनकी टीम, डॉ. आर.के. चंडक, डॉ. जी.एल. गुप्ता तथा डॉ. भागीरथ मीणा ने 223 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। इस अवसर पर अतिथियों ने संस्था के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए मरीजों को नियमित दवा लेने और चिकित्सकीय निर्देशों का पालन करने की सलाह दी।

मानद प्राध्यापक मेडिकल कॉलेज इंदौर की डॉ. अपूर्वा पौराणिक ने वीडियो संदेश के माध्यम से संस्था की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए इसे रिसर्च सेंटर के रूप में मान्यता दिलाने के लिए राजनीतिक समर्थन की आवश्यकता बताई। मुख्य वक्ता महावीर चौधरी ने संस्था के कार्यों को मानव सेवा की मिसाल बताया। कार्यक्रम के दौरान शिविर में सेवा देने वाले चिकित्सकों, पत्रकारों और सहयोगी सदस्यों का सम्मान भी किया गया। विधायक जब्बर सिंह सांखला ने संस्था के कार्यों से प्रभावित होकर परिसर में हाल निर्माण की घोषणा की।

NAME CHANGE

I Dan Singh, Father of Army No. 18017393M, Nk, Mukesh Singh Bhandari, Residing at Udali, Sukhidhang, Purnagiri, Champawat, U.K. 262523 have change my dob from 01/01/1968 to 01/01/1969 vide affidavit no. CF 240128 dt 13/03/2026 at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, Army No-15789746F, HAV (DMT) MD SOHAIL ALAM. of 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO. Munger. Bihar. 811202 .have changed my daughter name from NADIA PARWEEN to NADIYA PARWEEN in my army service records. aff-CF 347479. date-14 March 2026. Before Notary Nasirabad court

NAME CHANGE

I, Army No-15789746F, HAV (DMT) MD SOHAIL ALAM.of 501 AD MSL REGT (MRSAM) C/O 56 APO. Munger. Bihar. 811202 .have changed my daughter name from SHAIBA PARWEEN to SAHIBA PARWEEN in my army service records. aff-CF 347480. date-14 March 2026. Before Notary Nasirabad court

सार-समाचार

राजस्थान दिवस पर बनायेंगे आकर्षक रंगोली

अजमेर,(कासं)। लायंस क्लब अजमेर पृथ्वीराज द्वारा राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डिस्ट्रिक चीफ मीडिया कॉर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि आमजन को राजस्थान के गौरवशाली इतिहास, यहां की लोक कलाएं, समृद्ध संस्कृति से रु ब रु कराने को लेकर 17 मार्च मंगलवार को वैशालीनगर स्थित अर्बन हाट बाजार में ड्रीम इंडिया स्कूल के बच्चों द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई जाएगी। यहां चल रहे मेले में आने वाले लोगों को राजस्थान के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया जाएगा। क्लब अध्यक्ष लायन सुनील शर्मा ने बताया कि नया बाजार स्थित अजमेर के किले के बाहर पर्यटकों को गुलाब का फूल देकर स्वागत करते हुए उन्हें राजस्थान के लोगों की वीरता, दृढ़ इच्छा शक्ति , बलिदान को याद कराया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक लायन आभा गांधी ने बताया कि 24 मार्च से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटडा में राजस्थान के इतिहास पर चित्रकला, स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएगी। श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

रेलवे सुरक्षा बल ने एक वर्ष में 235 बच्चों को किया सुरक्षित रेस्क्यू

अजमेर, (कासं)। अजमेर मंडल में यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल द्वारा विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं। इन्हीं अभियानों में एक महत्वपूर्ण मानवीय पहल 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' भी है, जिसके माध्यम से रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में संकटग्रस्त बच्चों को सुरक्षित बचाकर उनके परिजनों से मिलाने का कार्य किया जाता है। मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपक कुमार आजाद के निर्देशन में अजमेर मंडल की सभी रेलवे सुरक्षा बल चौकियों द्वारा वर्ष 2025 के दौरान कुल 235 बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। इन बच्चों को आवश्यक प्रक्रिया के बाद अधिकृत गैर सरकारी संगठनों, जिला बाल कल्याण समिति तथा उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। बचाए गए बच्चों में अधिकांश उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों के पाए गए। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य उन बच्चों की पहचान कर उन्हें सुरक्षित बचाना है, जो किसी कारणवश अपने घरों से भटक गए हों, घर से भाग गए हों या मानव तस्करी जैसे अपराधों के खतरे में हों। रेलवे सुरक्षा बल के जवान रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में अकेले या संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे बच्चों पर विशेष निगरानी रखते हैं और उन्हें सुरक्षित रेस्क्यू करते हैं। बचाए गए बच्चों को जिला बाल कल्याण समिति या संबंधित संस्थाओं के माध्यम से काउंसलिंग के बाद उनके माता-पिता या अभिभावकों तक सुरक्षित पहुंचाया जाता है।

भाजपा प्रशिक्षण शिविर की कार्यशाला सम्पन्न

रूपनगढ़,(निसं)। आगामी 21 व 22 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी प्रशिक्षण शिविर हेतु आज यहां रूपनगढ़ मण्डल की कार्यशाला मण्डल अध्यक्ष रणजीत सामरिया की अध्यक्षता व वरिष्ठ भाजपा नेता डी सी वी किरण के निर्देशन में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में डी सी वी किरण व शिविर संयोजक राजेन्द्र ओझा ने अपने संबोधन में प्रशिक्षण शिविर की उपयोगिता पर प्रकाश डाला व सभी अपेक्षित कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय पर वैष्णव समाज भवन पर 21 मार्च को सायं 4.30 बजे पहुंचने का आव्हान किया। मण्डल अध्यक्ष रणजीत सामरिया ने शिविर के लिए पंजीकरण, आवास, भोजन आदि की व्यवस्था हेतु कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। आज कार्यशाला में वरिष्ठ भाजपा नेता डी सी वी किरण, जिला मंत्री राजेन्द्र ओझा, मण्डल अध्यक्ष रणजीत सामरिया, पूर्व सरपंच व जिला कार्यकारिणी सदस्य छोटू गूजर, पूर्व सरपंच भगवान दास लखन, जिला कार्यकारिणी सदस्य मूलचंद रायका मंडल उपाध्यक्ष मनोहर सिंह जाजोता, मण्डल महामंत्री छोटू शर्मा, नगर अध्यक्ष बिरदी चन्द कुमावत, आशीष राजपुरोहित, मनोहर सिंह, राजू थाकण, जगदीश सेन, पंकज नगरिया, हेमंत खारवाल, मुकेश प्रजापत, मुकेश सारण, सोहन जाट व करतार भादू सहित आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रेगर समाज का होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

बिजयनगर,(निसं)। स्थानीय मां गंगा छात्रावास में रविवार को रेगर समाज का होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। अखिल भारतीय रेगर समाज सुधारक समिति (परगना मसूदा) और क्षेत्रीय समिति विजयनगर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में समाज के लोगों ने भाग लिया। समारोह का शुभारंभ परगना अध्यक्ष धन्नालाल मुणोत, छात्रावास अध्यक्ष सीताराम पंवार और अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा बाबासाहेब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। समाज बंधुओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली और शीतला सप्तमी की बधाई दी। कार्यक्रम मे सीताराम पंवार का निर्विरोध सर्वसम्मति से पुनः छात्रावास अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी।

'अजमेर को बजट में मिली कई सौगातें, विकास की राह पर तेजी से बढ़ेगा शहर'

- पत्रकार होली मिलन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने साझा की खुशियां

अजमेर, (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की ओर से सोमवार को एक होटल में पत्रकारों के साथ होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों के साथ रंगों के पावन पर्व की खुशियां साझा करते हुए सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में शहर के कई पत्रकार और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि होली आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का पर्व है। इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मकता और आपसी संवाद को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज और सरकार के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करते हैं।

इस दौरान ने देवनानी ने कहा कि वर्ष 2025-26 का बजट अजमेर के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ है। इस बजट में अजमेर शहर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जिससे आने वाले समय में शहर के विकास को नई गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अजमेर को विकास की अनेक महत्वपूर्ण सौगातें दी हैं, जिनसे शहर के आधारभूत ढांचे और सुविधाओं में व्यापक सुधार होगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि बजट में अजमेर के लिए कई विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई है। इनमें प्रमुख रूप से क्षेत्र में पुष्कर घाटी सड़क चैड़ीकरण कार्य, माकड़वाली क्षेत्र में नई पुलिस चैकी की स्थापना, पुस्तकालय का निर्माण तथा स्वागत द्वार का निर्माण शामिल है।

इसके साथ ही बोराज तालाब की मरम्मत, शहर में पानी की निकासी की बेहतर व्यवस्था, चिकित्सा व शिक्षा के क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार तथा विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने जैसे कार्य भी बजट में शामिल किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के पूरा होने से अजमेर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और शहर तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर होगा। सरकार का उद्देश्य है कि अजमेर को शिक्षा, पर्यटन और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनाया जाए।

नखराली गणगौर बनी आकर्षण, अग्रवाल महिला समिति ने निकाला ईसर-गणगौर का बिंदोरा

अजमेर, (कासं)। अग्रवाल महिला समिति की महिलाओं ने अध्यक्ष लेखा गर्ग के नेतृत्व में ईसर-गणगौर का बिंदोरा हर्षोल्लास के साथ निकाला। भक्ति, परंपरा और उल्लास के माहौल में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने सोलह श्रृंगार के साथ पारंपरिक गीत-संगीत और नृत्य के जरिए उत्सव की रंगत बढ़ाई।

समिति की सचिव अरुणा गर्ग ने बताया कि बिंदोरे में समिति की सदस्य रश्मि गर्ग और रचना बंसल को ईसर-गणगौर स्वरूप में श्रद्धापूर्वक सजाकर सवारी निकाली गई। महिलाओं ने 'भंवर माने पूजन दो गणगौर' सहित पारंपरिक गीत गाते हुए और नृत्य करते हुए सुंदर झेलों के साथ उत्सव की शोभा बढ़ाई, जिससे पूरा वातावरण मंगलमय हो उठा।

- बिंदोरे में समिति की सदस्य रश्मि गर्ग और रचना बंसल को ईसर-गणगौर स्वरूप में श्रद्धापूर्वक सजाकर सवारी निकाली गई

अग्रवाल महिला समिति की महिलाओं ने ईसर-गणगौर का बिंदोरा हर्षोल्लास के साथ निकाला।

कार्यक्रम में गणगौर थीम पर शालिनी गर्ग, विनीता प्रणामी, संगीता एरन, शिल्पी, रेनू, आशा अग्रवाल, अदिति और स्मृति गर्ग ने 'गोरे गणगौर माता', 'मिश्री से मीठी बात थारी' और 'खेलन दो गणगौर' जैसे गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। इस दौरान सोलह श्रृंगार और गणगौर के दोहों से जुड़े रोचक खेल भी आयोजित किए गए तथा गणगौर से संबंधित हाउजी खिलाई गई, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

झेले और ईसर-गणगौर सजाकर लाने वाली सभी सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही 'नखराली गणगौर', जिसे विशेष पुरस्कार से नवाजा गया।

आयोजन में संरक्षकगण के साथ विशिष्ट कार्यकारिणी सदस्य वर्षा फतेहपुरिया, सोना गर्ग, मीनाक्षी गोयल, सविता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीलम अग्रवाल तथा कार्यकारिणी सदस्य अनुपमा अग्रवाल, सुमन गर्ग, तरुणा अग्रवाल, पूर्वी अग्रवाल, राजश्री बंसल, सोनू सिंगल, देवयानी गर्ग, ममता सिंगल और विमी बंसल सहित कई सदस्य उपस्थित रहीं।

नए एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने संभाला पदभार

अजमेर, (कासं)। अजमेर जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर कामकाज संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जिले के सभी सीओ और थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए। एसपी अग्रवाला ने कहा कि दरगाह और पुष्कर क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि नशे के फैलाव का सबसे बड़ा कारण इसकी मांग है, इसलिए समाज को भी इसके खिलाफ जागरूक होकर सहयोग करना होगा। राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकताओं को जमीनी स्तर पर लागू करना पुलिस की पहली जिम्मेदारी रहेगी। पुलिस का ध्येय आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि अजमेर एक धार्मिक नगरी है और यहां धार्मिक सौहार्द बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता होगी, ताकि सभी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हों।

शहर में बढ़ते वाहनों को देखते हुए यातायात व्यवस्था को भी बेहतर बनाने के लिए टीमवर्क के साथ काम किया जाएगा। अजमेर से पकड़े गए आतंकी आरोपी के मामले पर उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति देश विरोधी गतिविधियों में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में अजमेर पुलिस, राजस्थान एटीएस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां लगातार समन्वय बनाकर जांच कर रही हैं।

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण स्वी./2025/6664 **आम सूचना** दिनांक : 10.3.2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस मे मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण				
फाइल नं.	आवेदनकर्ता का नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का	प्रयोजनार्थ नाप
212	फतेह लाल माली पुत्र लालू राम माली	नाडी मोहल्ला आवादी प्लाट 03	195.09 SQ.MTR	आवासीय
213	रसोली देवी पत्नी रामलाल कुम्हार	गांधीनगर प्लाट नं. ए-42	81.93 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण स्वी./2025/6790 **आम सूचना** दिनांक : 16.3.2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस मे मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण				
फाइल नं.	आवेदनकर्ता का नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का	प्रयोजनार्थ नाप
218	रेहाना बानू पत्नी इसाक मोहम्मद	बद्री विशाल कॉलोनी बरल द्वितीय ख.सं. 2158/1136 भू.सं 24 का पश्चिमी हिस्सा	83.61 SQ.MTR	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.

गांधी उद्यान -ब्यावर रोड, बिजयनगर

टैलीफोन नम्बर 01462-230051 ई-मेल :-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक न.पा.बि/भूमि/2026/6796 **आम सूचना** दिनांक : 16.3.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न वर्णित आवेदक ने कृषि भूमि पर बसी निम्न कोलोनियों में कृषि भूमि नियमन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जायेगें। अतः इन भूखण्डों के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजो / प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देवें । समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

क्र.सं	आवेदक क्रमांक	आवेदक का नाम	योजना/ग्राम का नाम	खसरा सं.	भू.सं	क्षेत्र
1.	LD/VJNR/ 2025-26/308441	1. नेहा कंवर भाटी पत्नी नरेन्द्र सिंह भाटी 2. नरेन्द्र सिंह भाटी पुत्र कान सिंह भाटी	मोती कॉलोनी बिजयनगर	551	02	174.25 वर्गमीटर

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय ग्राम पंचायत दीपावास, पंचायत समिति रायपुर (ब्यावर)

क्रमांक : ग्रापदी/2025-26/224 ई-निविदा सूचना 01/2025-26 दिनांक : 13-03-2026

एस डी आर एफ एवं मगरा क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम मद (वितीय वर्ष 2025-26) योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत दीपावास में निम्न कार्य करवाने जाने हेतु ई-टेण्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा की तिथियां, समय व शर्तें एवं निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यों की राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण ग्राम पंचायत मुख्यालय में कार्यालय समय में एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल http:\\sppp.rajasthan.gov.in एवं http:\\eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है।

निविदा सूचना की क्रम सं.	ऑनलाईन निविदा विक्रय/डाउनलोड /अपलोड करने की दिनांक व समय	डी.डी. व हार्ड कॉपी जमा करवाने की तिथि व समय	ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि
1 से 8	14.03.2026 (9.00AM) to 20.03.2026 till (05.00 PM)	21.03.2026 till (12.15 PM)	21.03.2026 from 03.00 PM & onwards

उक्त निविदाओं के यूबीएन कोड निम्न है-

NIB No- PHS2526A0048 UBN No- PHS2526WSOB00236 to 243

प्रशासक, ग्राम पंचायत दीपावास, पं.स. रायपुर (ब्यावर)

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत दीपावास, पं.स. रायपुर (ब्यावर)

ओटीपी की तकनीकी समस्या से गैस उपभोक्ता परेशान

नसीराबाद, (निसं)। गैस सिलेंडर बुकिंग के दौरान ओटीपी नहीं आने से उपभोक्ताओं को हो रही भारी परेशानियों और बुकिंग अवधि 45 दिन के बजाय 25 दिन करने की मांग को लेकर प्रशांत कुमार मेहरा (एडवोकेट), पूर्व पार्षद नगरपालिका नसीराबाद ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नाम उपखंड अधिकारी नसीराबाद को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि इन दिनों गैस उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी कई उपभोक्ताओं के मोबाइल पर ओटीपी नहीं पहुंच रहा, जिसके कारण गैस एजेंसी से सिलेंडर प्राप्त नहीं हो पा रहा है। इससे उपभोक्ताओं में असंतोष और आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। गैस एजेंसी की गाड़ी आने पर बड़ी संख्या में उपभोक्ता सिलेंडर लेने पहुंचते हैं, लेकिन ओटीपी नहीं मिलने के कारण घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ता है। कई मामलों में उपभोक्ताओं को 6 से 8 घंटे बाद ओटीपी प्राप्त होता है, जिससे वितरण व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है और एजेंसियों के बाहर भीड़ लग रही है।

संस्कृति व संस्कारों से जोड़ने वाला कुटुम्ब सम्मेलन : भागीरथ चौधरी

- कुटुंब सम्मेलन से आने वाली नई पीढ़ी तैयार होती हैः-सरिता गैना

ब्यावर (निसं)। होली के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ब्यावर विधानसभा द्वारा आयोजित ऐतिहासिक विशाल कुटुम्ब सम्मेलन में परिवार सहित सम्मिलित हुए कार्यकर्ताओ, जनसंघ से भाजपा की यात्रा के सभी वरिष्ठ नेता, शहर व ग्रामीण क्षेत्र के सर्व समाजों के साथ ही सभी संस्थाओं के अध्यक्ष व पदाधिकारियों सहित अजमेर जिला भाजपा की टीम ने सहभागिता की। कुटुंब सम्मेलन में सभी ने लज़ीज़ एवं चटपटे व्यजनों का आनंद लेते हुए महिलाओं, युगल और बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं और हाऊजी गेम में बढ़चढ़ कर भाग लिया और सभी विजेताओं को पारितोषिक के रूप में गिफ्ट देकर उत्साहवद्धर्न किया। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों, राजस्थानी गानों और होली के फाग गीतों का गान किया और प्रतिभागियों ने नृत्य किया। कार्यक्रम में चुटकुले सुनाकर कार्यकर्ताओ को हँसते हँसते लोटपोट कर दिया। देर रात्रि तक चले इस कार्यक्रम में जहाँ टेसू के फूलो से होली तो चंग की थाप पर गैरनृत्य का आन्दन लिया तो रात्रि में सभी सहभोज में शामिल हुए। कुटुंब सम्मेलन की शुरुआत केंद्र सरकार में कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने भारत माता व पार्टी महापुरुषों के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन के साथ करते हुए अपने उदबोधन में कहा कि मेरा सौभाग्य है कि हमारी संस्कृति व संस्कारों से प्रेरित कार्यक्रम में मुझे आप सभी के दर्शन का सौभाग्य मिला। यदि मैं इस कार्यक्रम में आने से चूक जाता तो राजस्थान भाजपा के किसी विधानसभा में होने वाले ऐसे ऐतिहासिक कार्यक्रम से वंचित रह जाता। यहाँ आकर मुझे भी अपने क्षेत्र में ऐसे आयोजन करने की प्रेरणा मिली है, इसका नेतृत्व कर रहे जुझारू नेता देवीशंकर भूतड़ा सहित सम्पूर्ण टीम को बधाई व शुभकामनाएँ देता हूँ।

ब्यावर में भाजपा द्वारा विशाल कुटुम्ब सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यकम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना ने कहा कि कुटुंब सम्मेलन में इतनी बड़ी मातृशक्ति की उपस्थित से ही हमारी पार्टी की विचारधारा नीचे तक पहुंची है और पार्टी को मजबूती मिलती है ब्यावर भाजपा टीम ऐसे कुशल कार्यक्रम की रचना करने में माहिर है।भाजपा अजमेर देहात जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत ने कहा कि कुटुंब सम्मेलन जैसे कार्यक्रम से हम पार्टी की आने वाली नई पीढ़ी को तैयार कर आगे लाने का अवसर मिलता है ऐसे भव्य, व्यवस्थित कार्यक्रम जिसमें वरिष्जनों के साथ साथ समाज व संस्थाओं के प्रबुद्धजनों के भी दर्शन करने का सौभाग्य मिल रहा हैं। ऐसे कार्यक्रमों से कौन चूकना चाहेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मार्गदर्शन कर रहे पूर्व जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा संगठन में जान फूंकने वाले व कार्यकर्ताओ का निर्माण करने की सोच रखने वाले नेता जाने जाते हैं ।

एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

SRG HOUSING FINANCE LIMITED

CIN: L65922RJ1999PLC015440

321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान)

दूरभाष : 0294-2412609, ईमेल: info@srghousing.com, वेबसाइट: www.srghousing.com

परिशिष्ट - 4 {नियम 8 (1)} सांकेतिक की सूचना (स्थावर संपत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरी, जो एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अंतर्गत निम्न ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता को एक मांगपत्र जिसमें उल्लेखित रकम, जो उक्त सूचना पत्र की